# अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025
पौष अमावस्या
विक्रम संवत-2082


**PAGE NO 2 : TOP**

■ क्रिकेट : कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर सुबह 8:15 बजे से।

**PAGE NO 8 : TOP**

# यूपी का पलड़ा भारी, पश्चिम बंगाल पर 45 रनों की बढ़त

## कूच बिहार ट्रॉफी : 171 रनों पर सिमटी पश्चिम बंगाल की टीम, यूपी ने आठ विकेट खोकर बनाए 216 रन

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर चल रही कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की टीम ने पहली पारी में पश्चिम बंगाल पर 45 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। तीसरे दिन सुबह कोहरा छंटने और दृश्यता बेहतर होने पर मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने अंपायरों से चर्चा कर 10:20 बजे खेल शुरू कराया। शाम को कम रोशनी के कारण 4:55 बजे खेल रोक दिया गया।

सुबह पश्चिम बंगाल की टीम ने पहले दिन के स्कोर तीन विकेट पर 89 रन से आगे खेलना शुरू किया। आदित्य और अभिप्राय बिस्वास ने आक्रामक तेवर अपनाए पर यह साझेदारी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी। आदित्य राय 40 रन बनाकर यश पंवार की गेंद पर युवराज को कैच दे बैठे।

अभिप्राय ने 41 रन बनाए। विराट चौहान ने 29 गेंदों पर 32 रन की तेज पारी खेली। अन्य बल्लेबाज उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। पूरी टीम 33.1 ओवर में 171 रनों पर सिमट गई।

यूपी की शुरुआत भी खराब रही। ओपनर शांतनु सिंह खाता खोले बिना ही सिद्धार्थ घोष की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद अनमोल और युवराज के बीच 128 रनों की साझेदारी हुई। युवराज ने 107 गेंदों पर 75 रन बनाए। उन्हें विराट चौहान ने एलबीडब्ल्यू आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अनमोल ने 68 रन बनाए।

**अतिथियों को किया सम्मानित** : मैच के दौरान डीआईजी अजय साहनी, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्रा, सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर अकरम सैफी, पूर्व रणजी खिलाड़ी मो. असलम खान और प्रेम प्रकाश अग्रवाल आदि मैदान पर पहुंचे। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक व एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, बीसीए सचिव सीताराम सक्सेना, सीनियर संयुक्त सचिव ओपी कोहली की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया गया।






भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर चल रही कूच बिहार ट्रॉफी के मुकाबले में शॉट मारता खिलाड़ी (बाएं) और अतिथियों का किया गया सम्मान। स्रोत : संस्थान

### विराट ने झटके पांच विकेट

मध्यक्रम में अयान अकरम ने 17, कप्तान भव्य गोयल ने 24 रनों की उपयोगी पारी खेली। तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक यूपी की टीम ने 71 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 216 रन बना लिए थे। क्रीज पर कृष्णा 15 रन और यश पंवार चार रन बनाकर नाबाद रहे। पश्चिम बंगाल की तरफ से विराट चौहान ने 15 ओवरों में पांच विकेट झटके। अब मुकाबले के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की टीम अपनी पहली पारी की बढ़त को मजबूत करते हुए पश्चिम बंगाल को जल्दी समेटने की रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी। पश्चिम बंगाल की टीम मुकाबले को ड्रॉ कराने की कोशिश करेगी।